[21/3/2022]

प्रश्न सं. [क्र. 3633]

कार्यालय मुख्य अभियंता परिशिष्ट - 1
लोक निर्माण विभाग सागर परिक्षेत्र सागर

क्रमांक/732/स्था/21 सागर दिनांक 03/03/2022

:: कारण बताओ सूचना पत्र ::

प्रति,

श्री आर.के.विश्वकर्मा
सहायक यंत्री (प्रभारी कार्यपालन यंत्री)
लोक निर्माण विभाग
संभाग टीकमगढ ।

विषय:— संभाग के अंतर्गत आमंत्रित निविदाओ में बिना अनुमोदन के विशेष शर्तो का समावेश किय जाने के संबंध में ।

उपरोक्त विषयांतर्गत आपके द्वारा संभाग के अंतर्गत मेंटेन्स कार्य, एस.आर.व्हाइट वाशिंग,कलर वाशिंग की निविदा टीकमगढ एवं निवाडी जिले हेतु आमंत्रित की गई है जिसके आपके द्वारा तकनीकी बिड की शर्त का समावेश किया गया है, जबकि मरम्मत कार्य हेतु कोई तकनीकी योग्यता की शर्त का प्रावधान नहीं रहता है साथ ही शासन द्वारा द्वारा निविदा दस्तावेजो को भौतिक रूप से जमा करने की शर्त को शिथिल करते हुये समस्त दस्तावेज आनलाईन प्राप्त किये जाने का नियम है । उसके उपरांत भी आपके द्वारा आफलाइन ही दस्तावेज ई.एम.डी. प्राप्त की गई । कार्यो की निविदाओ को समूह में बिना सक्षम अधिकारी के एन.आई.टी अनुमोदन प्राप्त किये आमंत्रित की गई है । अतः आपके द्वारा शासन द्वारा जारी निविदा शर्तो का उल्लंघन करते हुये अपने स्तर से निविदा शर्तो का समावेश कर निविदिा आमंत्रित की गई है जो एक गंभीर वित्तीय अनियमिता की श्रेणी मे आता है । इससे स्पष्ट है, कि आप अपने पदीय दायित्वों का दुरूपयोग किया गया है जो म0प्र0सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के नियम 3 का उल्लघंन किया गया है ।

अतः आपके द्वारा सिविल सेवा आचरण नियम – 1966 कमे नियम –3 का उल्लघंन करने के कारण आपको एतद्र द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जा रहा है,कि क्यो न इस कृत्य हेतु आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को लेख किया जावें । इस संबंध में अपना प्रतिउत्तर पत्र प्राप्ति के 07 दिवस के अंदर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें ।

मुख्य अभियंता
लोनिवि सागर परिक्षेत्र

पृ.क./733/स्था/22 सागर दिनांकः– 03/03/2022

प्रतिलिपिः–

1 प्रमुख अभियंता लोनिवि निर्माण भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ संप्रेषित ।
2 अधीक्षण यंत्री लोनिवि नौगांव मंडल नौगांव की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।
3 व्यक्तिगत नस्ती हेतु ।

मुख्य अभियंता
लोनिवि सागर परिक्षेत्र